>

Title: Need to take steps to check pollution caused by Konark Cement factory in Machhlishahar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): सभापति महोदय, मैं मछलीशहर ससदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं अपने क्षेत्र की कोणार्क सीमेंट फैक्टरी की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। यह फैक्टरी ग्राम सभा ब्राह्मणपुर, थाना चन्दरोल जनपद जौनपुर में है। जब से यह फैक्टरी बनी है, इसकी स्थापना हुई है, बड़े पैमाने पर जल दोहन और प्रदूषण क्षेत्र में फैला है। जब यह फैक्टरी नहीं बनी हुई थी, इसके पूर्व लोगों को पानी की कभी परेशानी नहीं उठानी पड़ रही थी। आज इस फैक्ट्री के द्वारा इतना जल दोहन किया जा रहा है कि कुएं सूख गये हैं, हैंडपम्पों ने पानी छोड़ दिया है। इससे क्षेत्र के आम लोगों को पीने के पानी की बहुत किल्लत हो रही है। साथ ही साथ इस फैक्ट्री से उठने वाली धूल और धुं से पर्यावरण प्रदूषित हुआ है। इससे फसलों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। आम लोगों का जन-जीवन दूभर हो गया है। लोगों की आंखों में जलन, आंखों में पानी आना, सूजन आना एक आम बात हो गयी है।

उक्त संदर्भ में क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों ने एक सामूहिक निवेदन पत्र मेरे माध्यम से पर्यावरण मंत्री जी को दिया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वह इसकी जांच कराये, जिससे लोगों की जान-माल की सुरक्षा की जा सके। धन्यवाद।